अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 20 अप्रैल 2026
वैशाख शुक्ल तृतीया/चतुर्थी
विक्रम संवत-2083

PAGE NO : 06 MIDDLE

गानों के जरिये आशा भोसले को किया याद

रिद्धिमा में आशा भौंसले को श्रद्धांजलि देते कलाकार। स्रोत : संस्था

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को इंस्ट्रूमेंट कार्यक्रम रिद्म एंड बीट्स के जरिये प्रख्यात गायिका आशा भोसले को याद किया गया। एमडीयू रोहतक के डॉ. सुरेंद्र रावत ने अपनी प्रस्तुति से आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित की। वाद्ययंत्र गुरुओं और गायन गुरुओं प्रियंका ग्वाल और सात्विक मिश्रा ने वाद्ययंत्र के विद्यार्थियों के साथ राग अहीर भैरव पर अलबेला सजन आयो रे पर फ्यूजन प्रस्तुत किया और प्रसिद्ध गीतों को गाया। इन गीतों के साथ लाइव पेंटिंग बना कर दर्शकों को और भी लुभाया गया। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, डॉ. रजनी अग्रवाल, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे। संवाद